संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844




साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार
संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 03 | मेरठ, मंगलवार, 12 मई 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# सनातन को मिटाने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिल चुके, आज उन आक्रांताओं का कोई नाम तक लेने वाला नहीं: योगी

» एजेंसी। वाराणसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म के इतिहास व वर्तमान को गौरवशाली बताते हुए कहा कि मोहम्मद गोरी समेत कई विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान नष्ट करने का प्रयास किया। औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा भी खड़ा किया, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाए। वे नहीं समझ पाए कि सनातन केवल मंदिर की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में भी बसता है। भारत की अजरता-अमरता का शाश्वत शंखनाद आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत में झलकता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। आज उन आक्रांताओं का कोई नाम तक लेने वाला नहीं है। सनातन संस्कृति को पराजित नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। यहां उपस्थित अतिथियों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण भी देखा। अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम सभी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना साकार होते देख रहे हैं। इसका साकार रूप सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सौंदर्यीकरण व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से दिख रहा है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण समेत सनातन परंपरा से जुड़े अनेक पवित्र तीर्थस्थल अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा तय कर रहे हैं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी प्रेरक शक्ति बताते हुए यूपीवासियों की तरफ से उनका आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा, राष्ट्रीय आत्मगौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की जड़ों से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर ज्योति स्तंभ हैं। उत्तर में मां गंगा के पवित्र तट पर बाबा विश्वनाथ धाम व पश्चिम में सागर तट पर प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव हैं। गंगा तट पर काशी ने जहां सनातन की आध्यात्मिक धारा को अक्षुण्ण रखा है तो सोमनाथ ने हमारे स्वाभिमान व पुनर्जागरण की लौ को प्रज्ज्वलित रखा है।

सीएम योगी ने कहा कि सोमनाथ व काशी, दोनों ही इतिहास से हमें संदेश देते हैं कि सनातन संस्कृति पर आक्रमण हो सकते हैं, पर उसे पराजित नहीं किया जा सकता है। विनाश क्षणिक और सृजन शाश्वत होता है। एक हजार वर्ष पहले महमूद गजनवी सहित विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर 17 बार आक्रमण कर उसके वैभव को खंडित करने का प्रयास किया। यह बाबा विश्वनाथ धाम समेत भारत में सनातन के हजारों प्रतीक स्थलों के साथ भी हुआ। आक्रांताओं को भ्रम था कि मूर्ति खंडित कर, इसके वैभव को लूटकर भारत की आत्मा को मिटा सकते हैं, लेकिन वे खुद मिट्टी में मिल गए। काशी विश्वनाथ धाम व सोमनाथ महादेव मंदिर गौरव का प्रतीक बनकर भारत के स्वाभिमान की गाथा सुना रहे हैं। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा का संकल्प लिया था। अनेक विघ्न-बाधाएं, चुनौतियां थीं लेकिन उन्हें दरकिनार कर वह आगे बढ़े। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण दासत्व से मुक्ति व राष्ट्र की आत्मप्रतिष्ठा का उद्घोष था, वही स्थिति हम काशी में भी देखते हैं।

## लगातार चुनावी पराजय से मुद्दाविहीन हो चुकी समाजवादी पार्टी: पंकज



» एजेंसी। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी पराजय से मुद्दाविहीन हो चुकी समाजवादी पार्टी को चाहिए कि वह राष्ट्रहित के मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग की राजनीति करे, न कि भय, भ्रम और अफवाह फैलाने का प्रयास करे। भाजपा प्रदेश ने कहा कि देशहित में किए गए आह्वान को राजनीतिक अवसरवाद का माध्यम बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब देश

वैश्विक परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता, संसाधनों के संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ रहा है, तब समाजवादी पार्टी जैसे दल जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ऊर्जा बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, अनावश्यक खर्चों में संयम बरतने तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है।

यह किसी प्रकार की कमजोरी नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और जिम्मेदार नेतृत्व की पहचान है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को साझी जिम्मेदारी का संदेश दिया है, लेकिन अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखकर भ्रम और नकारात्मकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

## केंद्र सरकार ने बिना किसी सलाह के चार नए लेबर कोड लागू किए : खड़गे

» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में लागू हुए चार नए लेबर कोड पर आपत्ति जताते हुए इसे मजदूरों के हितों के लिए एक बहुत बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिना किसी सलाह के चार नए लेबर कोड लागू कर दिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बयान में कहा कि मोदी सरकार विधानसभा चुनाव खत्म होने का इंतजार करती रही। इसके बाद 8 और 9 मई 2026 को गजट (राजपत्र) अधिसूचना जारी करके चार मजदूर-विरोधी श्रम संहिताओं को लागू कर दिया। भारत के करोड़ों मजदूरों के लिए ये संहिताएं 'हायर एंड फायर' की नीति ला रही हैं। यानी नौकरी पर जब चाहे रख लो और जब चाहे निकाल दो। साथ ही ठेका (कॉन्ट्रैक्ट) पर रोजगार बढ़ेगा और ट्रेड यूनियन बनाने की गुंजाइश भी बहुत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार ने इन मजदूर-विरोधी संहिताओं का मसौदा तैयार किया और उन्हें बिना किसी परामर्श के लागू कर दिया। इसने 2015 के बाद से 'भारतीय श्रम सम्मेलन' भी नहीं बुलाया है।

## र हर पात्र को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता

» एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, सात-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सोमनाथ का पुनर्निर्माण भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष : मोदी

» एजेंसी। सोमनाथ



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 75 वर्ष पहले शुरू हुआ सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की स्वतंत्र चेतना और प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना का उद्घोष था। श्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में विग्रह प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'अमृत महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि "समय खुद जिनकी इच्छा से प्रकट होता है, जो स्वयं कालातीत हैं और काल स्वरूप हैं, आज उन देवाधिदेव महादेव की विग्रह प्रतिष्ठा के हम 75 वर्ष मना रहे हैं।" उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सनातन चेतना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, "ये सृष्टि जिनसे सृजित होती है, जिनमें लय हो जाती है, आज हम उनके धाम के पुनर्निर्माण का उत्सव मना रहे हैं। जो हलाहल पीकर नीलकंठ हो गए, उन्हीं की शरण में आज सोमनाथ अमृत महोत्सव हो रहा है।" श्री मोदी ने स्वयं को "दादा सोमनाथ का अनन्य भक्त" बताते हुए कहा कि वह अनेक बार यहां आ चुके हैं, लेकिन इस बार यहां पहुंचते हुए उन्हें "समय की यात्रा" का विशेष अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्र भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक था। श्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ के पुनर्निर्माण के माध्यम से दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ है, बल्कि अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के मार्ग पर भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया था और अब प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे "हजार वर्षों की अमृत यात्रा" का अनुभव बताया। श्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का भी महोत्सव है। इस अवसर पर श्री मोदी ने देशवासियों और भगवान सोमनाथ के करोड़ों भक्तों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई का दिन एक और कारण से भी विशेष है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किए गए थे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सवः राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्री सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होने पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के आज 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना और आस्था का प्रबल प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है, जो भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सव है। यह अवसर है भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक जागृत व समृद्ध करने के संकल्प को मज़बूत करने का, जिससे भारत की भावी पीढ़ियां भी प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि आज का दिन भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और आत्मगौरव का एक ऐतिहासिक क्षण है।

## सम्पादकीय

### सोने व ईंधन का संयम

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति शृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। लेकिन तेलंगाना के बाद बडोदरा से दूसरी बार उनके राष्ट्र को संबोधन व इसके समय को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षाबोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें दो राय नहीं कि देश बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व सोना आयात करता है। जाहिर बात है जब इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ती हैं तो इन दोनों के कारण भारी दबाव देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। निस्संदेह, विषम वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन की बचत, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना चुनौतियों से मुकाबले के लिये समझदारी भरे उपाय हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि पिछले डेढ़ माह में सरकार विधानसभा चुनावों में व्यस्त रही। इस दौरान आर्थिक प्रबंधन का मुद्दा हाशिये पर चला गया। अब इन चुनौतियों से मुकाबले के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन लोगों से विदेशों में शादियां टालने, सोना खरीदने से बचने के लिये कहना बताता है कि रुपये में तेज गिरावट से सरकार चिंतित है। कहा जा रहा है कि बार-बार अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का दावा करने वाली सरकार को जनता से व्यवहार में संयम बरतने का आग्रह करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी। दरअसल, आशंका यह भी है कि इन कदमों के ऐसे भी नतीजे निकल सकते हैं, जिनकी उम्मीद न की गई हो। निर्विवाद रूप से सोना भारतीय संस्कारों में है। वहीं भारत में आभूषण उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। ऐसे में सोने की खरीद में गिरावट से संपन्न निवेशकों के मुकाबले श्रमिकों को ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर वर्क-फ्रॉम होम की नीति, काम करने वालों के बड़े तबके के लिए व्यावहारिक नहीं है। निस्संदेह, किसी भी आसन्न संकट में नागरिकों की जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लेकिन सवाल यह है कि मंत्रियों के कारों के काफिलों पर भी अंकुश लगेगा.. क्या शासन प्रशासन की शाहखर्ची पर लगाम लगेगी...।

# डिजिटल शिक्षा की ओर मजबूत कदम

## सांसद व विधायक ने 200 विद्यार्थियों को बांटे टैबलेट

» संवाददाता



गाजियाबाद। शिक्षा को डिजिटल युग से जोडने की दिशा में शहर विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ा गया। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग एवं शहर विधायक संजीव शर्मा ने उत्सव भवन पहुंचकर विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए और उन्हें डिजिटल शिक्षा के माध्यम से आगे बढने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से सामान्य परिवारों के विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराकर शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज का दौर डिजिटल ज्ञान का है और यदि छात्र आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे तो वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताते हुए जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया।

सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शिक्षा उपलब्ध कराना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा से जोड़ना है। टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरण छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन, ई-लर्निंग सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नई तकनीकी जानकारी प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का सदुपयोग कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की अपील की। वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना समाज और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, विकास और युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आज का युवा ही डिजिटल भारत का भविष्य है और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## नोटिस को लेकर भाकियू टिकैत संगठन का हंगामा



» संवाददाता

मुरादनगर। मुरादनगर पालिका में अवैध कब्जे को लेकर दिये गये नोटिस तथा एक ही नंबर पर दो दुकानों के आवंटन की बरती गई अनियमिताओं को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने पालिका मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। इस बीच ईओ से भी प्रदर्शनकारियों की जमकर तकरार हुई। बाद में एडीएम प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जांच कराने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। भाकियू टिकैत संगठन के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह व जय मलिक के नेतृत्व में दर्जनों कालोनियों व गांव के सैकड़ों ग्रामीण एकत्र होकर पालिका मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने पालिका के ईओ डा. शैलेंद्र सिंह पर आरोप लगाया कि पालिका की ओर से तकरीबन हजारों लोगों को अवैध तरीके से भूमि कब्जा करने का आरोप लगाकर नोटिस भेजे गये। जिसकी आड में अवैध वसूली करने का आरोप लगाया गया। ईओ पर दुकान आवंटन करने में भी अनियमितता बरतने व हठधर्मिता दिखाने,भ्रष्टाचार से जुडे कई आरोपों को लेकर भाकि यू कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। कार्यकर्ताओं के बीच ईओ डा. शैलेंद्र सिंह वार्ता करने पहुंचे तो उनकी मांगों को लेकर कई बार तकरार हुई ओर जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने वार्ता करने से इंकार कर दिया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पुलिस पहुंच गई। बाद में एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्य धरनास्थल पर पहुंची ओर उन्होंने किसानों से वार्ता की। किसानों ने इस प्रकरण के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच की मांग उठाई।

## पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

» संवाददाता

गाजियाबाद। खोड़ा थाने की पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी की 6 बाइक और दो स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चोर शातिर किस्म के हैं, जो सोमवार को पहले एक चोरी की बाइक से पकड़े गए तथा बाद में उनकी निशानदेही पर चोरी के अन्य वाहन बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में शिवम निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली और आकाश उर्फ उत्कर्ष निवासी गाजीपुर दिल्ली हैं। उसने बताया कि सोमवार को पुलिस नहर की पटरी के निकट वाहन चेकिंग कर रही थी। एक मोटरसाइकिल पर आ रहे दो लोगों को चेकिंग के लिए रुकने के लिए इशारा किया गया तो वह वापस बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी बनाकर दबोच लिया तथा पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के अन्य वाहन बरामद किए, जो आरोपियों ने इंदिरापुरम अडर पास के निकट खाली पड़े मैदान में झाड़ियां में छुपाकर रखे हुए थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दिल्ली एनसीआर में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे तथा इसके बाद उन्हें छुपा दिया करते थे और बाद में सौदा पटने के बाद बेच दिया करते थे। आरोपी चोरी के वाहन बेचकर आई रकम मौज मस्ती में उड़ा दिया करते थे।

### एओए के चुनाव जय ठाकुर की टीम जीती

» संवाददाता

गाजियाबाद। टीला मोड़ स्थित भारत सिटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) फेस-1 के चुनाव रविवार देर रात संपन्न हुए। मतगणना में जय प्रकाश ठाकुर ने सबसे अधिक 42581 वोट प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। राहुल कुमार झा दूसरे, अनिरुद्ध जैन तीसरे और रणजीत कुमार सिंह चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा राजेंद्र शर्मा, प्रमोद जोशी, डी. धर्मा राव, गजेंद्र गौर, निशिकांत त्रिपाठी और अजय कुमार कसाना भी विजयी घोषित किए गए।

### छात्राओं ने पौधरोपण का संकल्प लिया

» संवाददाता

गाजियाबाद। लोहिया नगर स्थित श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हॉर्टिकल्चर फ्लोरिकल्चर सोसाइटी एवं हैप्पी प्लानेट संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया। छात्राओं ने प्रदूषण कम करने तथा पेड़ों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। प्राचार्या अनीता कंवर ने इस प्रकार के कार्यों को निरंतर करने के अपील की।

### महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

» संवाददाता

गाजियाबाद। मदर्स-डे के अवसर पर साहिबाबाद स्थित लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन ने सोमवार को महिलाओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामिल माताओं को सम्मानित करते हुए तुलसी के पौधे भेंट किए गए। फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने कहा कि मां परिवार और समाज की सबसे मजबूत आधारशिला होती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए कई खेल भी आयोजित किए गए।

## भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई

» संवाददाता

मोदीनगर। मोदीनगर शहर में रविवार की सांय ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव सीकरीकला के प्राचीन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ बैंड-बाजों और जयघोष के साथ किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिन्होंने नगर भ्रमण के दौरान लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा गांव सीकरीकला होते हुए कपडा मिल परिसर स्थित भगवान परशुराम मंदिर तक पहुंची। इस बीच पूर्व विधायक पं सुदेश शर्मा, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, आयोजक मंडल में सभासद प्रदीप शर्मा उर्फ कालू, बबलू कौशिक, त्यागी, संजय गुप्ता, सूबे सिंह, शर्मा एडवोकेट, अरूण तोमर का समिति के लोगो ने पट्टा व तलवार भेंटकर स्वागत किया। धामिक मंत्रोच्चारण के बीच शुरू हुई यात्रा का ऋषभ बिहार पर भीष्म शर्मा, मनोज शर्मा कमांडो, सभासद प्रीतम सैनी, श्रवण त्यागी, हिंदूवादी नेता पंकज कंसल, सप्पू गुर्जर, फफराना बस्ती पर जगपाल सिंह, सागर शर्मा व संदीप शर्मा ने सुभाष बिहार,बसस्टैंड पर अभिषेक त्यागी व महेंद्रपुरी गेट पर ठाकुर समाज की ओर से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह व उसमे शमिल लोगो का स्वागत किया गया। शुरूआत में भक्तों ने भगवान परशुराम की आरती उतारकर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरित किया।

यात्रा के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शोभायात्रा के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज

» संवाददाता

गाजियाबाद। शहर में क्रिकेट प्रतिभाओं को नया मंच देने के उद्देश्य से गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गाजियाबाद क्रिकेट प्रीमियर लीग का रविवार को औपचारिक शुभारंभ भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। गाजियाबाद स्थित फॉर्च्यून डिस्ट्रिक्ट सेंटर होटल में आयोजित समारोह में लीग में शामिल सभी आठ टीमों का आपसी परिचय कराया गया तथा उनके नामों की आधिकारिक घोषणा की गई। कार्यक्रम में क्रिकेट प्रशासन, खेल जगत से जुड़े प्रतिनिधि और टीम स्वामी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने लीग के आयोजन, प्रतियोगिता प्रारूप, संचालन व्यवस्था तथा खिलाडियों के चयन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद क्रिकेट प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली खिलाडियों को एक संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें। राकेश मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में क्रिकेट लगातार आगे बढ़ रहा है और अब जिला स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताओं की आवश्यकता थी, जहां स्थानीय खिलाडियों को उच्च स्तर का अनुभव मिल सके। उन्होंने बताया कि इस लीग में पारदर्शिता, अनुशासन और खेल भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। खिलाडियों के चयन से लेकर मैच संचालन और निर्णयों की नियुक्ति तक सभी व्यवस्थाएं उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के मानकों के अनुसार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से युवा खिलाडियों को बड़े टूर्नामेंट जैसा अनुभव मिलेगा और भविष्य में वे रणजी ट्रॉफी सहित राज्य टीमों तक पहुंचने में सक्षम होंगे।

# 1857 की महान क्रांति की 170 वीं जयंती पर विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

» संवाददाता

मेरठ। सीसीएसयू के इतिहास विभाग एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संस्थान हापुड़ के संयुक्त तत्वाधान में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में एनसीआर के पांच गांव : कुम्हैडा खिन्दोड़ा, भनेड़ा, सुहाना एवं ग्यासपुर का ऐतिहासिक अवलोकन, विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम की विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि इन पांचो क्रांतिकारी गांव कुम्हैडा भनेड़ा, खिन्दोड़ा सुहाना व ग्यासपुर के क्रांतिकारियों के वंशजों को विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था तथा उन सभी को सम्मानित किया गया। लगभग पांच दर्जन से अधिक इन पांचो गांव के निवासियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि रणवीर राणा पूर्व विधायक रहे। इतिहास




विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए 1857 की क्रांति की शुरुआत से लेकर क्रांतिकारियों के दिल्ली कूच के रास्ते और उस समय की विकट परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर विघ्नेश कुमार ने विषय प्रवर्तन करते हुए इन पांच क्रांतिकारी गांव के निवासियों के साथ प्रतिक्रांति के दौर में हुए भयावह जुल्म और दंड का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। प्रोफेसर आराधना और प्रोफेसर अजय विजय कौर ने भी क्रांति के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किया। रासना डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग के डॉक्टर मुदित कुमार ने 1857 में इन पांचो गांव की क्रांति से पूर्व सामाजिक आर्थिक राजनीतिक स्थिति व क्रांति के समय इन पांचो गांव के सुव्यवस्थित योजनाबद्ध तरीके से अंग्रेजी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को मार गिराना। करनल ओसबोर्न का बच निकलना तथा क्रांतिकारियों के प्रति गद्दारी रखने वालों को प्रतिक्रांति के दौरान अंग्रेजों द्वारा पुरस्कृत किए जाने की विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर मुदित कुमार का शोध कार्य विशेष रूप से नहीं पांच गांवों को लेकर है। इन्होंने अपना शोध कार्य लगभग ढाई दशक पूर्व प्रोफेसर विघ्नेश कुमार के निर्देशन में पूरा किया था। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रणवीर राणा ने 1857 की क्रांति में बलिदान हुए ऐसे शूरवीरों और विशेष कर इन पांचो गांव के क्रांतिकारी और उनके वर्तमान में वंशजों को यहां लाना अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा इनसे प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने ने ने इतिहास विभाग एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संस्थान हापुड़ द्वारा किए गए इस प्रकार के महत्वपूर्ण और दूरगामी परिणाम देने वाले कार्यक्रमों को अत्यंत महत्व का बताते हुए प्रेरणादायक बताया।

## सीबीएसई का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी

» संवाददाता

मेरठ। सीबीएसई ने वर्ष 2026-27 का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें सीबीएसई गेम्स में नेशनल स्तर पर बैडमिंटन खेल मेरठ के पाले में आया है। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल मेरठ में बैडमिंटन का नेशनल होगा। इस बारे में स्कूल के कोच सुनील त्यागी ने बताया कि मेरठ के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जब बैडमिंटन का नेशनल होगा। यह खेल 29 सितंबर से तीन अक्टूबर तक आयोजित होगा। इसके अलावा राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में ही ब्वायज का बैडमिंटन कलस्टर भी होगा, जोकि 26 जून से 29 जून तक आयोजित होगा। आईआईएमटी एकेडमी में ब्वायज का जोनल स्वीमिंग कांपीटिशन होगा। यह 15 जुलाई से 18 जुलाई तक चलेगा। इसी क्रम में गर्ल्स के लिए एथलेटिक्स रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल मेरठ में एक जुलाई से तीन जुलाई तक होगा। इसमें देहरादून व नोएडा रीजन के प्रतिभागी होंगे। स्पोर्ट्स कैलेंडर से 25 से अधिक खेलों को जगह दी गई है। इस बारे में महावीर इंटरनेशनल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर एके दुबे ने बताया कि मेरठ के लिए बड़ी उपलब्धि है कि नेशनल स्तर के खेल भी आयोजित होंगे।

## के. एल में माइंड मैटर्स स्किट प्रतियोगिता का आयोजन



» संवाददाता

मेरठ। के. एल. इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में सीनियर विंग में "इंटर-हाउस माइंड मैटर्स स्किट प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं आत्म-जागरूकता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों "इनर वॉइस बनाम माइंड बैटल", "माइंड कोर्टरूम", "सोशल मीडिया बनाम वास्तविकता" तथा "भावनाओं को पात्रों के रूप में'' अत्यंत प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी, भाव-भंगिमाएँ एवं मंच संचालन ने उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध मनो वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं ए.टी.एच.ए. की संस्थापक सुश्री तनिषा अग्रवाल तथा विद्यालय की काउंसलर सुश्री सृष्टि कथुरिया रहे जिन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों की गहन समझ की सराहना की। प्रतियोगिता के निर्णय बिंदु छात्रों की वेशभूषा, संवाद प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, कथा एवं मल्टीमीडिया प्रस्तुति पीपीटी आदि थे।

## ग्रामीणों ने कमिश्नर कार्यालय घेरा

» संवाददाता

मेरठ। जलभराव और बदहाल सफाई व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने नगर निगम पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से कहा कि उनका विभाग 'नगर निगम' नहीं, बल्कि 'नरक निगम' बन गया है।कमिश्नर कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण नारेबाजी करते हुए एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि उनके इलाके में कई दिनों से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन सफाई के नाम पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गुस्साए ग्रामीणों ने अपर नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बरसात के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। गली-मोहल्लों में गंदगी और पानी भरा हुआ है, जिससे विभिन्न बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। एक प्रदर्शनकारी ग्रामीण ने कहा, नगर निगम सिर्फ कागजों में काम कर रहा है। धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा है। हम टैक्स देते हैं, लेकिन बदले में हमें 'नरक' मिल रहा है। यह प्रदर्शन नगर निगम के वार्ड-06 के पार्षद प्रशांत कसाना के नेतृत्व में किया गया। पार्षद कसाना ने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है, जिससे बीमारी और महामारी फैलने का डर है।

## काली पल्टन मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग आयोजन के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर, मेरठ में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय ज्योतिर्लिंग आयोजन के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित अग्रवाल, माननीय विधायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिकान्त अहलूवालिया, महापौर मेरठ नगर निगम ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा लाईव प्रसारण के माध्यम से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## सोमनाथ का इतिहास प्रदर्शनी का आयोजन

मेरठ। सं0। केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन के अनुपालन में इतिहास विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम श्रखला के अंतर्गत सोमनाथ का इतिहास नामक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक रणवीर राणा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सोमनाथ के इतिहास को प्रदर्शित करती हुई एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर अनेक शोधार्थी, विद्यार्थी व इतिहास विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों की धीमी गति पर जताया आक्रोश

» संवाददाता

मेरठ। उद्योग मंदिर परतापुर में सोमवार को इंडस्ट्रियल एस्टेट मैनुफैक्चरिंग एसोसिएशन पदाधिकारियों, उद्यमियों एवं यूपीसीडा अधिकारियों के बीच बैठक हुई। इसमें उद्योगपुरम में चल रहे विकास कार्यों को चर्चा की। उद्यमियों ने यूपीसीडा द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया। बैठक में उद्यमियों ने कहा कि उद्योगपुरम में नाले, सड़कें, विद्युत पोल, विद्युत लाइनें एवं अन्य आधारभूत कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। कई स्थानों पर खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया है। बैठक में नालों की पुलिया तोड़ने के बाद लंबे समय तक पुनर्निर्माण नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया। साथ ही इकाइयों के सामने केवल 100 एमएम स्लैब डाले जाने पर असंतोष जताया। कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए कम से कम 200 एमएम स्लैब डाले जाने चाहिए। उद्यमियों ने आगामी मानसून को लेकर भी चिंता व्यक्त की। कहा कि अभी तक कई नाले अधूरे हैं उद्यमियों ने कहा कि यूपीसीडा को अटल योजना के अंतर्गत जो बजट प्राप्त हुआ है, उसके अंतर्गत कई कार्य कराए जा रहे हैं, जिनसे तत्काल उद्योगों को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल रहा। अध्यक्षता पीमा अध्यक्ष निपुण जैन ने और संचालन पीमा उपाध्यक्ष राजीव सिंघल ने किया। मौके पर मनोज शर्मा, हरिओम गोयल, अनुराग अग्रवाल, राकेश भल्ला, सुनील मित्तल, अंकित जैन, राजकुमार कंसल आदि मौजूद रहे।

## वंचित वर्ग के लिए समर्पित भाव से कार्य करें अधिवक्ता : चरण सिंह त्यागी

» संवाददाता

मेरठ। अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह त्यागी ने अधिवक्ता परिषद ब्रज की प्रांत कार्यकारिणी बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि परिषद से जुड़े अधिवक्तागण समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग को न्याय दिलाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करें।

इस मौके पर उन्होंने जोर दिया कि विधि क्षेत्र में नवीन अधिवक्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए उनमें राष्ट्रभावना का संचार किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने महिला अधिवक्ताओं को संगठन से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए विशेष रूप से कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने वाली समस्त महिला कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। अधिवक्ता




परिषद ब्रज की प्रांत कार्यकारिणी बैठक संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सुभाष चन्द्र बोस सभागार में शाहजहांपुर में संपन्न हुई, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 24 जनपदों से आए कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के गान द्वारा हुआ। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गुप्ता एवं राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह त्यागी के संबोधन से हुआ। संचालन प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार ने किया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार ने मासिक बैठकों एवं स्वाध्याय मंडलों को नियमित रूप से संचालित किए जाने पर बल देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से आगामी बैठक तक "न्यायप्रवाह" के 5000 लक्ष्य को पूर्ण करने का आह्वान किया।

प्रांत उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह तोमर ने न्याय परामर्श केंद्रों के संचालन की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय परिषद सदस्य राखी शर्मा ने कहा कि संगठन में नवीन भर्ती के लिए विधि महाविद्यालयों के छात्रों एवं प्रध्यापकों से सतत संपर्क किया जाना आवश्यक है। इनके अलावा कोषाध्यक्ष कमल सिंह, क्षेत्र संयोजक विपिन कुमार त्यागी आदि ने भी अपने विचार रखे। शाहजहाँपुर इकाई के महामंत्री जितेन्द्र पाल ने सभी का परिचय कराया। समापन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने "गिलहरी प्रयास" से संगठन को सशक्त एवं समृद्ध बनाना है।

## कराटे में सत्यकाम के विद्यार्थियों ने जीते पदक

» संवाददाता

मेरठ। सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने यूपी स्टेट एससीकेए कप कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में अमोघ और सकीना ने स्वर्ण पदक, ओम वर्मा और हंसिका ने रजत पदक, जबकि आराध्या और प्रान्वी ने कांस्य पदक जीते। प्रधानाचार्या नेहा आनंद ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मार्गदर्शक दयानंद शर्मा, निदेशक एयर कमोडोर महेश शर्मा ने विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया।



## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक : गौरव गौतम

» एजेंसी। पलवल

सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को पलवल के प्राचीन श्री जंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष अखंड आस्था' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल, भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला सहित प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आत्मसम्मान और सनातन आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को देश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और इतिहास से जोड़ना है।

## चेतन की शतकीय पारी से क्राफ्ट अकादमी जीती

» एजेंसी। गुरुग्राम

जिले के द शिक्षियान स्कूल के क्रिकेट मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में क्राफ्ट क्रिकेट अकादमी ने एनएसके क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया। एनएसके अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर के मैच में 223 रन बनाए। टीम के वंश ने 51, चिराग यादव ने 35 और कप्तान भावेश ने 30 रन का योगदान दिया। क्राफ्ट अकादमी के विहान, अंश और रयान ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्राफ्ट अकादमी मात्र 27.5 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। क्राफ्ट के चेतन ने 103 और मयंक बिष्ट ने 58 रन बनाए।

## पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापना शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

» एजेंसी। फर्रुखनगर

ग्राम सुल्तानपुर में सर्व समाज एवं सभी बिरादरी के सम्मानित मौजिज लोगों द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापना एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सर्व समाज ने आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक सौहार्द का परिचय देते हुए इस ऐतिहासिक कार्य में सहभागिता निभाई।

# सद्भाव यात्रा में राहुल गांधी का केंद्र पर हमला

## युवाओं को डिग्रियां तो मिल रही हैं लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा : राहुल

» एजेंसी। गुरुग्राम

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को गुरुग्राम में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खांडसा चौक से एसडी स्कूल तक करीब एक किलोमीटर पैदल यात्रा की और जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार, चुनाव प्रक्रिया और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि बृजेंद्र सिंह की यात्रा से हरियाणा को बड़ा लाभ होगा, क्योंकि उन्होंने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं और भावनाओं को समझा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवा नेताओं को भी जनता के बीच इसी तरह की यात्राएं करनी चाहिए।

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकली यात्रा के दौरान "नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान" का नारा जनता के बीच से निकला था। उन्होंने कहा कि आज भी देश को इसी भावना की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने हरियाणा सहित कई राज्यों




में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनावों में गड़बड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं और नए नाम जोड़े जाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जनता अब इन बातों को समझ रही है और समय आने पर जवाब देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश की संपत्तियां चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, युवाओं को डिग्रियां तो मिल रही हैं लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि छोटी उद्योग इकाइयां बंद हो रही हैं और विदेशी सामान के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय रोजगार प्रभावित हो रहा है। राहुल गांधी ने अमेरिका-भारत समझौते और उद्योगपति गौतम अडाणी से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कई राजनीतिक आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भविष्य में भाजपा को चुनौती देगी। राहुल गांधी ने कहा, ₹कुछ साल पहले हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की थी। 4000 किलोमीटर तक हम चले और हमारे साथ लाखों लोग चले थे। एक नारा था, 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली'। यह नारा हमारा नारा नहीं था, यह नारा भीड़ से आया था। बृजेंद्र सिंह ने उसी प्रकार हरियाणा में यह यात्रा की, जनता के बीच में गए और हरियाणा की सड़कों पर चले। आपको इस यात्रा से बहुत फायदा होगा। राहुल ने कहा- यहां (हरियाणा) का चुनाव बीजेपी ने चोरी किया। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, असम में इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया। लाखों नाम काट देते हैं, नए नाम जोड़ देते हैं। आयोग इनके कंट्रोल में है, ये सोचते हैं कि हम सब कर लेंगे। हरियाणा में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का मुद्दा है। युवाओं को डिग्री मिल जाती है, लेकिन रोजगार नहीं मिलता है। छोटी इंडस्ट्री बंद हो रही हैं।

उन्होंने आखिर में कहा- मैंने यूएस डील पर लोकसभा में भाषण दिया, अमित शाह ने चार घंटे मुझे बोलने नहीं दिया। मोदी लोकसभा से भाग गए, वह आंख से आंख नहीं मिला सके।

# सोमनाथ भारत की संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का अमर प्रतीक : कृष्ण पाल गुर्जर

» एजेंसी। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति, आस्था, ज्ञान, शौर्य और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर भारतीय सभ्यता की उस अमर चेतना का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने अनेक आक्रमणों और संघर्षों के बावजूद अपनी पहचान, गौरव और आध्यात्मिक शक्ति को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखा। श्री गुर्जर सोमवार को सैनिक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में एक्स सैनिक सोसायटी के प्रधान राकेश धुन्ना द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, सतीश फागना, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला परिषद




चेयरमैन विजय लोहिया भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राकेश धुन्ना के संयोजन में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व विधायकों का भव्य स्वागत किया गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सर्वप्रथम सैनिक कॉलोनी स्थित कम्युनिटी सेंटर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, अन्य श्रद्धालु, एवं विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ भाग लिया। कलश यात्रा सैनिक कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होते हुए सैनिक कॉलोनी के शिव मंदिर पहुंची। सरदार पटेल ने स्पष्ट कहा था कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण भारत के स्वाभिमान का पुनर्जागरण है। कार्यक्रम के दौरान निकाली गई भव्य कलश यात्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया।

## अवैध हथियार सहित पांच व्यक्ति गिरफ्तार

» एजेंसी। फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अपराध शाखाओं की विभिन्न टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार देसी कट्टे बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रोहित (21) निवासी गांव तिगांव फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित गांव नीमका से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार एवीटीएस सिकरौना की टीम ने इस्लाम (28) निवासी जीवन नगर पार्ट-1 को गोच्छी फरीदाबाद से, अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने मोहित निवासी गांव अरवा थाना छायंसा फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित भूपानी बाईपास रोड एरिया से गिरफ्तार किया है। वहीं अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने करण (22) निवासी कलंदर कालोनी फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित सोहना पुल के नजदीक से गिरफ्तार किया है।

# लाखों रुपये के नशीले पदार्थ अफीम सहित दो आरोपी किए गिरफ्तार

» एजेंसी। बहादुरगढ़

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के सशक्त नेतृत्व में झज्जर पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-2 बहादुरगढ़ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को भारी मात्रा में अफीम सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए की पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 895 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सीआईए-2 बहादुरगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक पवन वीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना लाइनपार बहादुरगढ़ क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सुरेश और कन्हैया लाल नामक व्यक्ति अफीम बेचने के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं और नाहरा-नाहरी रोड स्थित चोर प्याऊ मोड़ के पास स्कूटी सहित मौजूद हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को काबू कर लिया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाया गया। अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। वजन करने पर बरामद अफीम 1 किलो 895 ग्राम पाई गई।

इंस्पेक्टर अमित कुमार के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश निवासी चित्तौड़गढ़, राजस्थान हाल निवासी सेक्टर-23 पालम विहार गुड़गांव तथा कन्हैयालाल निवासी चित्तौड़गढ़, राजस्थान के रूप में हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना लाइनपार बहादुरगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## निगम कमिश्नर ने किया डिवीजन वन का दौरा

» एजेंसी। फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने सोमवार को डिविजन-1 क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, चल रहे विकास कार्यों तथा सी एंड डी वेस्ट उठान की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखी जाए और चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्यकारी अभियंता, एई/जेई (इंफोर्समेंट) तथा स्वास्थ्य विभाग और सफाई निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित लेआउट प्लान का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा प्रबंधन, सी एंड डी वेस्ट के उठान और सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हरियाणा व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए है प्रतिबद्ध : विजय

» एजेंसी। रोहतक

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता के रोहतक आगमन पर व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पटका एवं बुक्के भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नारनौल जिले के अध्यक्ष की नियुक्ति करने पर उनका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नारनौल से हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला, सर्राफा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, प्लाईवुड एवं हार्डवेयर एसोसिएशन के प्रधान राजेश अग्रवाल कश्मीर, अग्रवाल वैश्य समाज के जिला महासचिव जगमोहन गर्ग तथा दवा विक्रेता संगठन के जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा व्यापार मंडल लगातार व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से सरकार एवं प्रशासन के समक्ष उठा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन के विस्तार एवं व्यापारी हितों की रक्षा के लिए प्रदेश स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से व्यापारियों को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर दादरी के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता भी मौजूद रहे। उपस्थित पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारी हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844